प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 06.05.2025

मुख्य समाचारः—

- सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल प्रदेश के दुर्ग सहित देशभर के दो सौ चवालीस जिलों में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी।
- सुशासन तिहार के तहत आज मुख्यमंत्री बेमेतरा, कबीरधाम और दुर्ग जिले के गांवों में पहुंचे।
- नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए रायपुर में आयोजित नगर सुराज संगम कार्यशाला का आज हो रहा है समापन।
- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गईं।

सुरक्षा तैयारी—मॉकड्रिल

राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल सात मई को होने वाले मॉकड्रिल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इन तैयारियों की समीक्षा के लिए केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने आज राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग सहित देश के दो सौ चवालीस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली को परखना है।

इसके जरिये हवाई हमले की चेतावनी देने वाली प्रणालियों की प्रभावशीलता का आंकलन किया जाएगा। साथ ही वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संचार लिंक का संचालन भी किया जाएगा। इसके अलावा नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण होगा और अभ्यास के दौरान हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मॉकड्रिल में क्रैश ब्लैकआउट

होने पर इसके निपटने के उपाय, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने और निकासी योजना को उन्नत बनाने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस मॉकड्रिल में एनसीसी कैडेट भी भाग लेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भिलाई स्टील प्लांट जैसे राष्ट्रीय महत्व के औद्योगिक संस्थान को देखते हुए छत्तीसगढ़ से दुर्ग को मॉकड्रिल के लिए चुना है। इसे देखते हुए आज शाम दुर्ग के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तैयारियों को लेकर बैठक हो रही है। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

सुशासन तिहार–मुख्यमंत्री

सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेमेतरा और कबीरधाम जिले के गावों का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आज बेमेतरा जिले के सहसपुर पहुंचा, जहां उन्होंने चौपाल लगाई और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मितानिनों से संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा भी की।

चौपाल में मुख्यमंत्री ने सहसपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नया भवन, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और विद्युत सब स्टेशन का निर्माण करने की घोषणा की।

इसके बाद मुख्यमंत्री कबीरधाम जिले के दलदली गांव पहुंचे। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के लोगों ने किया।

मुख्यमंत्री दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में स्थित सोनपुर गांव भी पहुंचे।

नगरीय प्रशासन विभाग—कार्यशाला

प्रदेश के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय नगर सुराज संगम कार्यशाला का आज समापन हो रहा है। समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो रहे हैं।

इससे पहले, कार्यशाला के दूसरे और अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने जनप्रतिनिधियों को शहरों के विकास और जनसुविधाएं विकसित करने का रोडमैप समझाया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास से ही शहर स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बन सकेंगे। श्री साव ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं में शामिल नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और स्वच्छता तथा साफ—सफाई के साथ अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। श्री साव ने शहरों के प्रत्येक घरों में जल आपूर्ति को बड़ी चुनौती बताते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कड़ाई से अमल करने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव—निर्देश

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने पंजीयन विभाग द्वारा संपत्ति रजिस्ट्री में किए गए दस बदलावों को जिला स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों को इन सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। श्री जैन ने कहा कि ये सुधार आम जनता के हित में किए गए हैं और इनकी जानकारी लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि उनका लाभ उठाया जा सके।

पंजीयन विभाग द्वारा किए गए इन सुधारों में फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज और डाउनलोड, ऑनलाइन भार मुक्त प्रमाण पत्र, स्टांप, पंजीयन शुल्क का कैशलेस भुगतान और स्वतः नामांतरण जैसी सेवाएं शामिल हैं।

माओवादी मुठभेड़/सरपंच हत्या

बीजापुर जिले के दक्षिण—पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अभी भी जारी है। इस क्षेत्र में कल हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई है। मौके से महिला माओवादी का शव और थ्री नॉट थ्री रायफल बरामद की गई है। छत्तीसगढ़—तेलंगाना अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में बीते करीब बारह दिनों से जारी इस अभियान के तहत हुई मुठभेड़ों में अब तक चार माओवादी मारे गए हैं। वहीं, अनेक हथियार बरामद करने के साथ माओवादियों के कई ठिकाने और बंकर भी नष्ट किए गए हैं।

इस बीच, माओवादियों ने सुकमा जिले के तारलागुड़ा के उपसरपंच मूचाकी रामा की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक जगरगुंडा थाना क्षेत्र के आश्रित ग्राम बैनपल्ली से माओवादियों ने उपसरपंच को कल उनके घर से अगवा किया और इसके बाद जंगल में उसकी हत्या कर दी।

तेंदूपत्ता प्रोत्साहन राशि—कार्रवाई

सुकमा जिले में तेंदूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि वितरण में गड़बड़ी के आरोप में ग्यारह प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को हटा दिया गया है। साथ ही इन समितियों के संचालक मंडल को भी भंग कर दिया गया है। इस मामले में पहले ही सुकमा जिले के डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित किया जा चुका है।

गौरतलब है कि सुकमा जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष दो हजार इक्कीस और बाईस के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि के वितरण में ग्यारह समितियों पर लाखों रूपये की गड़बड़ी करने का आरोप है।

कार्टूनिस्ट दिवस

विश्व कार्टून दिवस पर कल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा ''आतंकवाद से नहीं डरेगा पर्यटक'' विषय पर कार्टून प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम में कल मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। कार्यक्रम में पुणे से आए कॉर्टूनिस्ट राजेश नाइक का सम्मान किया गया। श्री नाइक ने मुख्य अतिथि सहित अनेक गणमान्य लोगों के मौके पर ही लाइव कार्टून बनाए। इस अवसर पर सी.एस.आई.डी.सी. के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पर्यटन विभाग के संचालक विवेक आचार्य और कॉटून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता

बाईसवीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा उत्तरप्रदेश के अयोध्या स्थित कुमारगंज के आचार्य नरेन्द्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में दो से पांच मई तक इस स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के कृषि विश्वविद्यालय की टीमें शामिल हुई।

बलरामपुर–हाथी दल

बलरामपुर जिले में राजपुर वनपरिक्षेत्र के चिलमा और नरसिंहपुर के जंगलों में हाथियों के एक दल को देखा गया है। बताया जाता है कि इस दल में करीब तेईस हाथी शामिल हैं। वनकर्मियों ने आसपास के गांवों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी है। साथ ही गांव–गांव में हाथी मित्र दल मुनादी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है। मौके पर पहुंचकर वनकर्मी हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।

दुर्ग मारपीट–आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग जिले में अकोला के पास एक कार चालक को अगवा करने और उसके परिवार के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दो मई को राजेन्द्र कुमार शर्मा अपने परिवार के साथ रायपुर से लौट रहे थे। इस बीच, अकोला गांव के पास दो युवकों से किसी बात को लेकर उनकी कहा–सुनी हो गई। लेकिन, इसके बाद जब वे कपसदा के पास पहुंचे थे, तभी कुछ लोगों ने मिलकर राजेन्द्र कुमार को अगवा कर लिया और उनकी पत्नी तथा बेटी के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्यारह आरोपियों को अलग–अलग जगहों से गिरफ्तार किया है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है। आगामी चौबीस घंटों के दौरान मुख्य रूप से सरगुजा और बस्तर संभाग में बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों में राज्य के अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी का सिलसिला शुरू होगा।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- नगरीय प्रशासन विभाग ने कार्य में लापरवाही के आरोप में दुर्ग जिले में भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
- जगदलपुर के जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कल सात मई को सुबह ग्यारह बजे से निजी क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।
- गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आठ से दस मई तक काउंसिलिंग होगी।

<><><><><>